भारत सरकार

ग्रामीण विकास मंत्रालय

ग्रामीण विकास विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3299

(29 मार्च, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए)

मजबूत ग्रामीण सड़क नेटवर्क

3299. श्री नीरज डांगीः

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान पीएमजीएसवाई के अंतर्गत पक्की सड़कों से जोड़ी गई बस्तियों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान राजस्थान में सड़क नेटवर्क को मजबूत करने और यातायात में सुधार करने के लिए कुल कितने किलोमीटर सड़कों का स्तरोन्नयन किया गया है; और

(ग) सरकार द्वारा उक्त अवधि के दौरान इस कार्य को पूरा करने के लिए खर्च की गई निधि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

ग्रामीण विकास राज्य मंत्री

(साध्वी निरंजन ज्योति)

(क): विगत तीन वर्षों के दौरान प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत बारहमासी सड़क से जोड़ी गई बस्तियों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

(ख): राजस्थान राज्य में पीएमजीएसवाई के अंतर्गत विगत तीन वर्षों के दौरान उन्नयन की गई सड़क लंबाई निम्नानुसार है:

सड़क लंबाई कि.मी. में

वर्ष	उन्नयन की गई सड़क लंबाई
2019-20	13
2020-21	1,845
2021-22	3,245

(ग): विगत तीन वर्षों के दौरान पीएमजीएसवाई के विभिन्न कार्यकलापों/घटकों के कार्यान्वयन के लिए केंद्रीय और राज्य अंश सहित राजस्थान राज्य द्वारा किए गए व्यय का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

(रु. करोड़ में)

वर्ष	किया गया व्यय
2019-20	289.11
2020-21	492.13
2021-22	1,452.62

अनुबंध

राज्य सभा में दिनांक 29.03.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकितप्रश्न संख्या 3299 के बिन्दु (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

विगत तीन वर्षों के दौरान पीएमजीएसवाई के अंतर्गत सड़कों से जोड़ी गई बस्तियों का राज्य/संघ राज्य क्षेवार ब्यौरा

क्र.सं	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	सड़कों से जोड़ी गई बस्तियां		
		2019-20	2020-21	2021-22
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (संघ राज्य क्षेत्र)	0	6	0
2	आंध्र प्रदेश	65	43	43
3	अरुणाचल प्रदेश	21	14	29
4	असम	1,681	837	72
5	बिहार	510	468	300
6	छत्तीसगढ़	518	205	89
7	गोवा	0	0	0
8	गुजरात	0	1	0
9	हरियाणा	0	0	0
10	हिमाचल प्रदेश	94	90	62
11	जम्मू और कश्मीर	146	119	114
12	झारखंड	277	46	8
13	कर्नाटक	2	0	0
14	केरल	0	0	0
15	मध्य प्रदेश	194	92	16
16	महाराष्ट्र	29	28	6
17	मणिपुर	23	18	10
18	मेघालय	29	7	47
19	मिजोरम	2	64	11
20	नागालैंड	0	0	1
21	ओडिशा	256	269	208
22	पुदुचेरी (संघ राज्य क्षेत्र)	0	0	0
23	पंजाब	0	0	0
24	राजस्थान	19	6	2
25	सिक्किम	4	5	11
26	तमिलनाडु	0	0	0
27	त्रिपुरा	12	30	13
28	उत्तर प्रदेश	0	2	0
29	उत्तराखंड	154	144	150
30	पश्चिम बंगाल	81	67	23
31	तेलंगाना	28	27	0
32	लद्दाख (संघ राज्य क्षेत्र)	2	0	0
कुल		**4,147**	**2,588**	**1,215**